# हिमाचल के राज्यपाल ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

## प्राकृतिक कृषि पर उत्साहवर्धक आंकड़ों से प्रधानमंत्री को करवाया अवगत

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नयी दिल्ली।** राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गत दिवस नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर उन्हें शून्य लागत प्राकृतिक कृषि के उत्साहवर्धक परिणामों से अवगत करवाया। उन्होंने इस संबंध में कृषि विश्वविद्यालय हिसार तथा अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम के वैज्ञानिकों द्वारा गुरुकुल कुरुक्षेत्र के कृषि फार्म से लिए गए नमूनों पर आधारित रिपोर्ट की जानकारी दी।

कृषि वैज्ञानिकों की ताजा रिपोर्ट कृषि क्षेत्र में किसानों की आखों में चमक ला सकती है और यह रिपोर्ट ऐसे समय में आयी है जब राज्यपाल आचार्य देवव्रत हिमाचल सहित पूरे उत्तर भारत में प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाये हुए है। उन्होंने प्रधानमंत्री के किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा को इस अभियान से जोड़ा है और प्राकृतिक कृषि को इसके प्रमुख विकल्प के रूप में लिया हैं।

आचार्य देवव्रत ने प्रधानमंत्री को बताया कि वर्ष 2018 में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के खेतों की मिट्टी के नमूनों की जांच हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की प्रयोगशाला में की गई। इसमें 19 में से 18 नमूनों में जैविक कार्बन की मात्रा 0.82 से 1.12 प्रतिशत पाई गई है। जबकि वर्ष 2017 में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, मोदीपुरम के वैज्ञानिकों ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र के फार्म से 16 खेतों के नमूने लिए, जिनमें अधिकांश में 69 प्रतिशत से अधिक जैविक कार्बन की मात्रा पाई गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार एवं भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम में की गई जांच में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के कृषि फार्म का औसत जैविक कार्बन 0.61 प्रतिशत पाया गया था, जबकि इस साल कृषि विश्वविद्यालय हिसार की जांच में यह बढ़कर 0.91 (33 प्रतिशत अधिक) हो गया है, जो एक अविश्वसनीय वृद्धि है।

राज्यपाल ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की जांच में यह भी पाया गया है कि वर्ष 2017 की तुलना में वर्ष 2018 में उपलब्ध फासफोरस लगभग दोगुना हो गया है। उपलब्ध पोटाश में भी वृद्धि दर्ज की गई है। जांच में यह भी पाया गया है गुरुकुल कुरुक्षेत्र के कृषि फार्म में सभी सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे जिंक, लोहा, कॉपर व मैग्नीज़ पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। उन्होंने कहा कि जांच में पाया गया है कि वर्ष 2018 में वर्ष, 2017 की तुलना में सूक्ष्म पोषक तत्व जिंक में 32 प्रतिशत, लोहा तत्व में 27 प्रतिशत, कॉपर में 31 प्रतिशत तथा मैग्नीज़ में 114 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों ने मिट्टी की जांच के लिए नमूने जिले के अन्य हिस्सों से भी लिए थे। विश्वविद्यालय की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि जिले का एक भी नमूना ऐसा नहीं मिला जहां जैविक कार्बन की मात्रा 0.75 प्रतिशत से अधिक है। राज्यपाल ने बताया कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र की करीब 200 एकड़ कृषि भूमि पर पिछले तीन वर्षों से शून्य लागत प्राकृतिक कृषि के मॉडल को अपनाने से जमीनों में क्रांतिकारी बदलाव आया है, जिसकी पुष्टी कृषि वैज्ञानिकों की इस रिपोर्ट ने की है।

इसके अलावा, राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश में शून्य लागत प्राकृतिक कृषि को लेकर हुए प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर सरकार द्वारा इस पद्धति को काफी विस्तार दिया जा रहा है और इस कार्यक्रम के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने स्वच्छता अभियान, नशामुक्त हिमाचल, समरसता जैसे सामाजिक अभियानों की भी प्रधानमंत्री को जानकारी दी।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के प्रति गंभीर है और इस दिशा में हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्राकृतिक कृषि निश्चित तौर पर इस दिशा में कारगर सिद्ध होगी। उन्होंने इस मॉडल व पद्धति को अधिक विस्तार देने, प्रचारित करने और इससे देश भर के किसानों को जोड़ने पर बल दिया ताकि किसान समुदाय लाभानवित हो सके। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में स्वच्छता अभियान को गति देने पर भी प्रशंसा की तथा विशेष तौर पर शिमला-कालका रेल ट्रैक पर किए गए स्वच्छता अभियान के लिए सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि रेल ट्रैक के साथ-साथ फूलों और पौधों की नर्सरी लगाई जानी चाहिए ताकि सुंदरता के साथ-साथ पौधों की बिक्री से रेल की भी आय होगी।

## सिरमौर जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता सीएम जयराम ठाकुर से विधानसभा शिमला में भेंट



**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** सिरमौर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री विनय गुप्ता ने गत दिवस नाहन क्षेत्र की समस्याओं के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर से विधानसभा शिमला में भेंट की। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल भी उपस्थित रहे।

## पहले दिन साइकिल ब्रिगेड ने काटे 6 चालान

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**चंडीगढ़।** पहले दिन यूटी ट्रैफिक पुलिस की साइकिल ब्रिगेड ने उन 6 मोटरसाइकिल चालकों के चालान काटे जो शहर में साइकिल ट्रैक पर ड्राइविंग कर रहे थे। यह ब्रिगेड साइकिल ट्रैक पर साइकिलिंग को प्रोत्साहित करने के लिए गठित की गयी है। इस वजह साइकिल ट्रैक पर मोटरसाइकिल दौड़ाने वालों के चालान काटे जा रहे हैं।

ट्रैफिक पुलिस की इस ब्रिगेड के सदस्यों को शहर भर में उनक मोटरसाइकिल चालकों पर नजर रखने और साइकिल चालकों को उनके लिए बनाये ट्रैक पर ही साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये हैं। ट्रैफिक पुलिस के जवान उन स्थानों पर तैनात रहेंगे जहां मोटरसाइकिल चालकों द्वारा साइकिल ट्रैकों पर अपने वाहन चलाने के मामले सामने आ रहे हैं।

## जगन्नाथ मंदिर में धूमधाम से मनाया जायेगा जन्माष्टमी पर्व

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**



**नाहन।** भगवान श्रीजगन्नाथ मंदिर नाहन में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। 2 सितंबर को दोपहर बाद शहर में शोभायात्रा निकाली जायेगी जो बड़ा चौक, छोटा चौक, कच्चा टैंक, पक्का टैंक, गुन्नूघाट से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। 3 सितंबर को सुबह से शाम तक जन्माष्टमी पर धार्मिक कार्यक्रम होंगे। यह जानकारी भगवान श्रीजगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष प्रकाश बंसल ने दी।

# अतिरिक्त उपायुक्त ने जनमंच प्रचार वाहन को हरी झंड़ी दिखाकर किया रवाना

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** नाहन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम माजरा में आगामी 2 सितम्बर को आयोजित होने वाले जनमंच कार्यक्रम के व्यापक प्रचार के लिए अतिरिक्त उपायुक्त सिरमौर श्री आदित्य नेगी ने गत दिवस यहां प्रचार वाहन को हरी झंड़ी दिखाकर 13 पंचायतों के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि माजरा में आयोजित होने वाले जनमंच कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री श्री सुरेश भारद्वाज करेगें ।

श्री नेगी ने बताया कि इस प्रचार वाहन के माध्यम से पावंटा विकास खण्ड की 9 पंचायतें शामिल है जिनमें ग्राम पंचायत माजरा,कोलर, मिश्रवाला, पलहोडी, रामपुर-भारापुर, सैनवाला, मुबारिकपुर, हरिपुरखोल, परदुनी, धौलाकुंआ जबकि विकास खण्ड नाहन की चार ग्राम पंचायत मातर, बनकला, सतीवाला तथा बिक्रमबाग ग्राम पंचायतों के लोगों को जन मंच कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी ।




अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि इन पंचायतों के लोग अपनी शिकायत अथवा समस्याऐं संबधित एसडीएम, खण्ड विकास अधिकारी, पंचायत प्रधान अथवा सचिव और पटवारी को 31 अगस्त से पहले व्यक्तिगत रूप से दे सकते है। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत ऑन लाईन भी भेज सकते हैं । उन्होने सभी आवेदनकर्ताओं से यह भी निवेदन किया है कि वह आगामी 2 सितंबर को माजरा के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के परिसर में आयोजित होने वाले जनमंच कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्य रूप से उपस्थित हो ताकि उनकी समस्या का समाधान मौके पर हो सके । उन्होने कहा कि अधिकांश लोग आवेदन करने के उपरांत जनमंच में नहीं आते हैं जिससे उनकी समस्या लंबित रहती हैं ।

उन्होने बताया कि इस जन मंच कार्यक्रम के दौरान लोगों को हिमाचली प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, आय प्रमाण पत्र, राजस्व रिकार्ड, अक्स की प्रति तथा किसान/बागवानी कार्ड जारी करने के अतिरिक्त विधवा, वृद्धावस्था पैंशन, आवास निर्माण/मुरम्मत, कानूनी सहायता, स्वतन्त्रता सैनानी, सैनिक पैंशन, महिला/युवक मण्डल पंजीकरण, बीपीएल ऋण सुविधा, भूमि विकास व भूसंक्षरण कार्य, बन्दूक/ड्राईबिंग लाईसैन्स हेतु आवेदन/मौके पर निरीक्षण, लाईसैन्स नवीनीकरण, ईन्तकाल, सत्यापन, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण, राशन कार्ड बनाना/नवीकरण, प्रमाण पत्रों/डीड का सत्यापन, लघु कार्यों की स्वीकृति, पूर्व तथा मौके पर प्राप्त आवेदनों/समस्याओं का निदान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नाहन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत माजरा के साथ लगती ग्राम पंचायतों के लोगों से अपील की कि वह 2 सितम्बर, 2018 को गांव माजरा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाऐं।

प्रकाशक, संपादक एवं स्वामी राजेश राही द्वारा सिद्धार्थ मीडिया प्रिंटर्स, 24/9, इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-2, चंडीगढ़ से मुद्रित व रेणुका सिरमौर हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित